Bareilly, Monday,
26 October 2026
BAREILY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 5 : MIDDLE

रिद्धिमा में तीन दिवसीय थिएटर वर्कशॉप आयोजित

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT



थिएटर वर्कशॉप में कलाकार सीख रहे हैं एक्टिंग की बारीकियां.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (25 Oct): एसआरएमएस रिद्धिमा 'ए सेंटर ऑफ परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स' में आयोजित तीन दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का रविवार को समापन हुआ. थिएटर विशेषज्ञ एवं निर्देशक राघव जोशी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में 42 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. कार्यशाला के अंतिम दिन प्रतिभागियों ने दो नाटकों का मंचन किया गया. पहली प्रस्तुति मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी 'कफ़न' पर आधारित थी, जबकि दूसरी प्रस्तुति फणीश्वरनाथ रेणु की प्रसिद्ध कहानी 'पंचलाइट' पर आधारित रही. नाटकों के माध्यम से प्रतिभागियों ने पिछले दो दिनों में सीखे गए अभिनय कौशल, संवाद अदायगी का प्रदर्शन किया. समापन अवसर पर चेयरमैन, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार एवं डॉ. रीता शर्मा उपस्थित रहे. इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करके सम्मान को बढ़ाया.